दिनांक : 04.01.2025 समय : 07.10

आकाशवाणी भोपाल

मुख्य समाचार :–

- पीथमपुर में यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री के कचरे को नष्ट करने के खिलाफ हो रहे विरोध प्रदर्शन के बीच सरकार ने की शांति बनाए रखने की अपील
- केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि फसलों की क्षति का आकलन अब उपग्रह प्रणाली से किया जाएगा
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में ग्रामीण भारत महोत्सव 2025 का करेंगे उद्‌धाटन।
- प्रदेश में 24 मार्च ता चलेगा निक्षय अभियान, कलेक्टर को क्षय रोग के नियंत्रण के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश ।

## पीथमपुर मुख्यमंत्री

पीथमपुर में यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री के कचरे को नष्ट करने के खिलाफ हो रहे विरोध प्रदर्शन के बीच मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल एक उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक के बाद उन्होंने बताया कि जनभावनाओं का आदर करते हुए हाईकोर्ट के सामने सभी परिस्थितियों और व्यावहारिक कठिनाइयों को रखेंगे। उसके बाद ही कोई कार्रवाई करेंगे। बैठक में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और राजेन्द्र शुक्ल के साथ ही मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा, धार विधायक नीना वर्मा और मुख्य सचिव अनुराग जैन समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने जनता से अपील की कि किसी भी अफवाह या भ्रम की खबरों पर विश्वास नहीं करें ।

उधर, धार कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने भी लोगों से शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है।

## शिवराज-किसान

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि फसलों की क्षति का आकलन अब पंचायत और ग्राम स्तर पर उपग्रह प्रणाली के उपयोग से किया जाएगा ताकि सटीक प्रक्रिया से किसानों को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण द्‌वारा तुरंत मुआवजा मिल सके।

महाराष्ट्र के नासिक जिले में यशवंतराव चव्हाण महाराष्ट्र मुक्त विश्वविद्यालय कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा आयोजित किसान सुसंवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने आश्वस्त किया कि किसानों को उचित दर पर उर्वरक उपलब्ध कराए जा रहे हैं और केंद्र सरकार किसानों को समृद्ध बनाने के हर संभव प्रयास करेगी। वहीं नई दिल्ली में कल सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के ग्रामीण विकास मंत्रियों के साथ मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि उनका मंत्रालय इस वर्ष गांवों को गरीबी-मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

एनसीसी-केन्द्रीय मंत्री

केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि भारत में राष्ट्रीय छात्र सेना-एन.सी.सी के केडेट्स की संख्या 20 लाख पहुंच जाएगी। मध्य प्रदेश में यह संख्या एक लाख से उपर हो जाएगी। केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री सेठ कल उज्जैन प्रवास के दौरान विक्रम विश्व विद्यालय के स्वर्ण जयंती सभागृह में 10 एमपी बटालियान के राष्ट्रीय छात्र सेना के केडेट्स को संबोधित कर रहे थे। सेठ ने कहा कि राष्ट्रीय छात्र सेना के वार्षिक केम्प एवं अन्य गतिविधियों के लिए हमारे द्वारा भोपाल, जबलपुर एवं सागर में भूमि उपलब्ध करवाई गई है। इंदौर और ग्वालियर में जल्द ही यह प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। इसके बाद उज्जैन को भी शामिल किया जाएगा।

इंदौर विकास

इंदौर संभाग में सभी अधिकारी और जनप्रतिनिधि एक साथ बैठकर जनसंवाद कार्यक्रम करेंगे। इन जनसंवाद कार्यक्रमों के माध्यम से विधानसभा क्षेत्रवार विजन डाक्युमेंट बनाये जाएंगे। यह जानकारी संभागायुक्त दीपक सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कॉन्फ्रेंस में दी गई।संभाग में जल जीवन मिशन के तहत अपूर्ण कार्यों को पूर्ण करने के लिए अभियान चलाया जाएगा। इस अवसर पर बताया गया कि महा अभियान के लगभग सभी विषयों के लक्ष्यों को पूर्ण कर लिया गया है।

प्रधानमंत्री ग्रामीण महोत्सव

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में ग्रामीण भारत महोत्सव 2025 का उद्धाटन करेंगे। इस अवसर पर श्री मोदी जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

हमारे संवाददाता ने बताया है कि इस महोत्सव का उद्देश्य ग्रामीण बुनियादी ढांचे का विकास, आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था का निर्माण और ग्रामीण समुदायों में नवाचार को बढावा देना है। 6 दिवसीय महोत्सव का विषय वर्ष 2047 तक विकसित भारत है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पूर्वोत्तर भारत पर विशेष ध्यान देते हुए ग्रामीण जनसंख्या के बीच आर्थिक स्थिरता और वित्तीय सुरक्षा को बढ़ावा देना है। महोत्सव के दौरान उद्यमिता के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने पर ध्यान केन्द्रित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री टीबी मुक्ति अभियान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सभी कलेक्टर को निर्देश दिए कि निक्षय अभियान में विशेष प्रयास कर क्षय रोग के नियंत्रण का प्रयास करें। यह अभियान आगामी 24 मार्च तक चलेगा। निक्षय अभियान में प्रदेश में 23 जिले चिन्हित किए गए हैं। प्रदेश के 5 जिले मंदसौर, नरसिंहपुर, मंडला, बैतूल और खंडवा इस अभियान के क्रियान्वयन में शीर्ष पर हैं। इसी तरह टी.बी. रोगियों को फूड-बॉस्केट के वितरण में जबलपुर, नरसिंहपुर, मंदसौर, अनूपपुर और मंडला सबसे आगे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रेडक्रास सोसायटी, एनसीसी और एनएसएस जैसे संगठनों का टी.बी. उन्मूलन अभियान के लिए सहयोग प्राप्त किया जाए।

मुख्यमंत्री विकास कार्य

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज विदिशा के लटेरी में लगभग 132 करोड़ रूपये की लागत का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण करेंगे। इसका लाभ विदिशा जिले के सिरोंज और लटेरी क्षेत्र की जनता को मिलेगा। लटेरी में आयोजित कार्यक्रम में हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किये जायेंगे। उधर, कल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम से जुड़कर मुख्यमंत्री ने कहा है कि नागरिकों की समस्याएं लंबे समय तक लंबित रखने वाले दोषी अधिकारी-कर्मचारी दंडित किए जाएंगे। आमजन का कल्याण ही राज्य सरकार का प्रमुख लक्ष्य है।

गाँव की बेटी योजना

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित "गाँव की बेटी योजना" एवं "प्रतिभा किरण योजना" के अंतर्गत शैक्षणिक-सत्र 2024-25 में प्रवेशित छात्राओं के ऑनलाईन नवीन एवं नवीनीकरण आवेदन के लिए छात्रवृत्ति पोर्टल पर आवेदन सुविधा प्रारंभ कर दी गई हैं। उच्च शिक्षा विभाग से संबद्ध समस्त विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में अध्ययनरत शैक्षणिक-सत्र 2024-25 में प्रवेशित समस्त पात्र छात्राएं "गांव की बेटी योजना" एवं "प्रतिभा किरण योजना" के अंतर्गत ऑनलाईन आवेदन कर सकेंगी।

समाचार संक्षेप में...........

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज चंबल अभयारण्य से वन्य जीव पर्यटन अभियान की शुरुआत करेंगे। वे चंबल नदी के घड़ियाल अभयारण्य की व्यवस्थाओं का अवलोकन कर पर्यटन सुविधाओं का जायजा लेंगे।
- राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण की प्रिंसिपल बेंच के सदस्य डॉ. अफरोज अहमद ने कहा है कि इंदौर पर्यावरण संरक्षण एवं सुधार, वायु गुणवत्ता में सुधार और जल संचयन के क्षेत्र में देश का मॉडल शहर है। इस दिशा में यहां विगत कई वर्षों से अनेक उल्लेखनीय कार्य और नवाचार हो रहे हैं।
- मंदसौर में युवा संगम रोजगार स्वरोजगार एवं अप्रेंटशिप मेले का आयोजन कुशाभाऊ ठाकरे प्रेक्षागृह शासकीय महाविद्यालय में आयोजित किया किया गया। जिसमें 11 कंपनियां मौजूद थी।
- डिन्डोरी में कलेक्टर हर्ष सिंह की अध्यक्षता मे कलेक्ट्रेट सभागार में विकसित मध्यप्रदेश 2047 के संबंध में जिले के विजन डाक्युमेंट के लिए बैठक आयोजित की गई।
- रायसेन में जिला स्तरीय संयुक्त परामर्श दात्री समिति की बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के कर्मियों के आवेदनों तथा कठिनाईयों पर चर्चा कर निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर ....

- पीथमपुर में यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री के कचरे को नष्ट करने के खिलाफ हो रहे विरोध प्रदर्शन के बीच सरकार ने की शांति बनाए रखने की अपील
- केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि फसलों की क्षति का आकलन अब उपग्रह प्रणाली से किया जाएगा
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में ग्रामीण भारत महोत्सव 2025 का करेंगे उद्धाटन ।
- प्रदेश में 24 मार्च ता चलेगा निक्षय अभियान, कलेक्टर को क्षय रोग के नियंत्रण के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश ।

--------------------